## एक नजर में

### जिले के आदिवासी वर्ग के बेरोजगार युवा स्वरोजगार स्थापित करने हेतु आनलाईन आवेदन करें

**मंदसौर।** जनजातीय कार्य विभाग जिला संयोजक श्रीमती अंगुरबाला भगोरा द्वारा बताया गया कि जिले के आदिवासी वर्ग के 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार युवक- युवतियों को भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 1 लाख रूपये से 50 लाख रूपये तक सेवा/व्यवसाय हेतु ऋण बैकों के माध्यम से वितरीत किये जायेगें। जिस पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान दिया जायेगा। योजनांतर्गत जाति प्रमाण, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड शैक्षणिक योग्यता आठवी उत्तीर्ण, दो पासपोर्ट फोटो, समस्त दस्तावेज होना आवश्यक होगा। हितग्राही किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था/सहकारी योजना बैंक का चूककर्ता/अशोधी नहीं होना चाहिए। जिले के आदिवासी वर्ग के 18 से 55 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को टंटया मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 1 लाख रूपये तक के ऋण बैकों के माध्यम से वितरीत किये जायेगें। जिस पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान दिया जायेगा। परियोजना हेतु योजनांतर्गत रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ऋण हेतु आवेदन-पत्र आंमत्रित किए गए योजनांतर्गत लगने वाले सहपत्र जाति- प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड,मतदाता परिचय पत्र गरीबी रेखा के नीचे हेतु खाघ सुरक्षा प्रमाण, शैक्षणिक योग्यता आठवी उत्तीर्ण, दो पासपोर्ट साईज फोंटो। समस्त दस्तावेज आवश्यक होंगे। हितग्राही किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था/सहकारी योजना बैंक का चूककर्ता/अशोधी नहीं होना चाहिए।

योजना में समस्त पोर्टल म.प्र. आनलाईन के माध्यम से आवेदन-पत्र भरे जाकर आवेदन पत्र की एक प्रति जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग की मंदसौर रूम नं. 312 सुशासन भवन मंदसौर में जमा करें। अधिक जानकारी के लिए जनजातीय कार्य विभाग मंदसौर में संपर्क करें।

### शिव महापुराण कथा रुद्राभिषेक कार्यक्रम

**नीमच।** शिव महापुराण का उदय हो गया तो कलयुग का प्रभाव मिट जाएगा। सभी पुराणों में शिव पुराण श्रेष्ठ है। चतुर्दशी पर उपवास कर शिव पुराण के पाठ का वाचन करें तो पुण्य फल मिलता है। पवित्र भाव से भक्ति करे तो भोले जल्दी प्रसन्न होते हैं। शिव पुराण के श्लोक श्रवण करने से पापों से मुक्ति मिलती है। यह बात परम पूज्य दीदी मां ऋतंभरा जी की शिष्या पूज्य आचार्य सुश्री

साध्वी सत्या सिद्धा गिरी जी महाराज साहब ने कहीं।वेओम शिव भक्त मंडल , अग्रवाल विकास समिति एवं अन्नपूर्णा सेवा न्यास नीमच के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं व विश्व शांति की कामना से गोमाबाई रोड स्थित सीएसवी अग्रोहा भवन में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि सद्गुरु जीवन जीने की कला सिखाते हैं। रुद्राभिषेक कथा में जीवन का कल्याण होता है।भोले की कृपा से दुर्भाग्य मिटता है और दुर्भाग्य सौभाग्य में बदलता है। जीवन में भक्ति आती है तो प्रतिकूलता भी अनुकूलता लगने लगती है। देश की रक्षा के लिए सेना में अपने पुत्रों को भी सेवा के लिए भेजना चाहिए। भाग्यशाली होती है वह मां जिसका बेटा सेना में सेवा करता है। कथा को मनोरंजन का साधन नहीं बनना चाहिए। लोग कथा में भी संगीत को सुनना चाहते हैं। ज्ञान कोई सुनना नहीं चाहता है। भगवान की कथा सुनते हैं। सत्संग अपने आप हो जाता है।और संकीर्तन दृढ़ हो जाएगा। भोलेनाथ दयालु हैं। पत्नी द्वारा धर्म का पालन करने से पति की प्रगति होती है। भक्ति जीवन में होती है तो दूसरों के सामने झुकना सीख जाएंगे। तीर्थ पुण्य क्षेत्र में पाप कर्म करने से सदैव बचना चाहिए। गौशाला में कथा करवाने से 10 गुना फल मिलता है। जलाशय के किनारे कथा सुनने से 10 गुना फल बढ़ जाता है। सूर्य संक्रांति में हो दान तप का फल दस गुना मिलता है। सूर्य ग्रहण में किया गया दान का फल सबसे ज्यादा मिलता है। जरूरतमंद को दिया गया दान पुण्य फलदाई होता है। ज्ञानी तपोनिष्ट व 24 लाख गायत्री जपने वाला ब्राह्मण हो उसी को ही दान देना चाहिए। उसका फल वापस 10 गुना होकर मिलता है।

## अखिल भारतीय राजेंद्र जैन बहू परिषद महिदपुर रोड शाखा की नवीन कार्यकारिणी गठित

- मिताली भंडारी बनीं अध्यक्ष, सपना मुणत को सचिव पद की जिम्मेदारी



नवभारत न्यूज

**भानपुरा। परम पूज्य पीतांबर विजेता आचार्य यतींद्र सुरिश्वर जी द्वारा संस्थापित एवं आचार्य जयंतसेन सुरिश्वर जी तथा गच्छाधिपति आचार्य नित्यसेन सुरि जी व आचार्य जयरत्न सुरि जी के पावन सान्निध्य में संचालित अखिल भारतीय राजेंद्र जैन बहू परिषद की महिदपुर रोड शाखा की नवीन कार्यकारिणी का गठन गत दिवस परिषद की सर्वसहमति से किया गया।**

इस अवसर पर परिषद की सभी सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।

### परिषद के उद्देश्य

अखिल भारतीय राजेंद्र जैन बहू परिषद एक सामाजिक, धार्मिक एवं रचनात्मक संस्था है, जो चार प्रमुख उद्देश्यों — समाज संगठन, धार्मिक शिक्षा एवं प्रचार, समाज सुधार, तथा आर्थिक विकास — को लेकर सतत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। संस्था बहनों के संगठनात्मक विकास के साथ-साथ समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए भी कार्य करती रही है।

### नवनिर्वाचित कार्यकारिणी निम्नानुसार है

| | |
|---|---|
| अध्यक्ष | मिताली भंडारी |
| उपाध्यक्ष | उषा बड़दिया |
| सचिव | सपना मुणत |
| कोषाध्यक्ष | अंकिता भंडारी |
| मीडिया प्रभारी | पूजा भंडारी |

### श्री संघ व समाजजन की शुभकामनाएं

नवगठित कार्यकारिणी को जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया, सकल जैन श्री संघ, एवं समाज के सभी वरिष्ठजनों, महिला बहुओं, युवाओं व परिषद सदस्यों ने हार्दिक बधाइयाँ एवं मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सभी ने अपेक्षा की कि परिषद आने वाले समय में संघ व समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएगी और जिनशासन व गुरु परंपरा की शोभा में निरंतर अभिवृद्धि करेगी।

## जिले में 22 जुलाई से स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का होगा शुभारंभ

**मंदसौर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि, मंदसौर जिले में 22 जुलाई 2025 से 16 सितंबर 2025 तक %स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान% चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में होने वाली बीमारियों की पहचान और उनका समय पर उपचार करना है।

इस अभियान के तहत जिले में 1 लाख 51 हजार 570 बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें ब्लॉक-वार लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं- भानपुरा में 17,108, गरोठ में 29,516, मल्हारगढ़ में 23,059, मंदसौर ग्रामीण में 33,853, सीतामऊ में 31,458, और मंदसौर शहरी क्षेत्र में 16,575 बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में 232 दल गठित किए गए हैं, जिनका प्रशिक्षण जिला स्तर पर पूर्ण हो चुका है। अभियान के पहले दिन आंगनवाड़ी केंद्रों पर दस्तक अभियान की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जो बच्चे किसी कारणवश आंगनवाड़ी केंद्र पर उपस्थित नहीं हो पाएंगे, दूसरे दिन उनके घर जाकर अभियान के अंतर्गत दी जाने वाली सेवाएं प्रदान की जाएंगी।



## हत्था जोड़ी की तस्करी करते तीन तस्कर गिरफ्तार

- वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 42 नग हत्था जोड़ी, चाकू और नकदी बरामद

**मंदसौर/भानपुरा। भानपुरा वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मॉनिटर लिजार्ड (गोह) के अंगों की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से 42 नग हत्था जोड़ी, एक चाकू और नकदी बरामद की गई है।**

वन विभाग की टीम ने एक कर्मचारी को ग्राहक बनाकर सौदे के लिए भेजा। तय इशारे पर मौके पर मौजूद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद तीसरे आरोपी को भी हिरासत में ले लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार है-;विजय पिता रमेश (ग्राम तोरनिया, तहसील नाहरगढ़, मंदसौर),समरथनाथ पिता सिंघानाथ (ग्राम हनुमंतीया, तहसील कुकड़ेश्वर, नीमच),करण उर्फ धर्मा हरिजन (कुकड़ेश्वर, तहसील मनासा, नीमच)वनमंडल अधिकारी संजय रायखेरे ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्य वन संरक्षक उज्जैन वृत्त मस्तराम बघेल तथा उप वनमंडलाधिकारी गरोठ श्रीमती सरोज रोज के निर्देशन में की गई।

गौरतलब है कि गोह भारत में संरक्षित प्रजाति है। इसे भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-1 में रखा गया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिशिष्ट-1 में सूचीबद्ध किया .

**एक नजर** महिला मित्र पर पिता व पुत्री ने लगाए सुपारी किलिंग के सनसनीखेज आरोप, नार्को टेस्ट की भी मांग की

## भाजपा नेता श्यामलाल धाकड़ हत्याकांड में हर एंगल से जांच

**पिपलियामण्डी। हिंगोरिया बड़ा गांव में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्यामलाल धाकड़ की नृशंस हत्या के बाद पुलिस जांच ने रफ्तार पकड़ ली है। मामले में मृतक के पिता दौलतराम धाकड़ और पुत्री मोनिका ने महिला सना खान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दौलतराम का कहना है कि सना खान ने पोरवाल समाज के राजू से विवाह किया था, लेकिन उनके बेटे से भी उसका संपर्क था।** उन्हें शक है कि सना ने ही सुपारी देकर श्यामलाल की हत्या करवाई है। दौलतराम ने कहा कि यदि हमें न्याय नहीं मिला तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे और सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने मंत्री जगदीश देवड़ा का जिक्र करते हुए कहा कि उनके हस्तक्षेप के कारण ही पुलिस सक्रियता दिखा रही है, वरना अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। दौलतराम ने मांग की है कि मकान के आसपास के सभी लोगों से कड़ी पूछताछ की जाए क्योंकि वहां दो रास्तों से आना-जाना संभव है। श्यामलाल की पुत्री मोनिका ने भी सना खान पर संदेह जताते हुए कहा कि जिस दिन उनके पिता का शव मिला था, उसी दिन उन्होंने पुलिस को महिला के बारे में बताया था, लेकिन पुलिस ने इसे हल्के में लिया। इधर, श्यामलाल के चचेरे भाई सत्यनारायण धाकड़ का कहना है कि सना खान कुछ भी करवा सकती है। हालांकि उनके पास ठोस सबूत नहीं है, लेकिन संदेह उसी पर है। हत्या के बाद वायरल हुए वीडियो और मोबाइल कॉल डिटेल ने जांच को नया मोड़ दे दिया है। एक वीडियो में श्यामलाल और महिला प्रेमी-प्रेमिका के अंदाज में नजर आ रहे हैं, जिसके अंत में लिखा है - जान वापस आ जाओ, मुझे अकेला छोड़कर कहां चले गए। इस एंगल से भी जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतक की कॉल डिटेल और सोशल मीडिया खातों की साइबर सेल द्वारा गहनता से जांच की जा रही है। नाहरगढ़ पुलिस व मंदसौर एसपी अभिषेक आनंद की निगरानी में सात टीमें विभिन्न पहलुओं पर जांच में जुटी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार, हत्या से पूर्व मृतक की अंतिम बातचीत भी उक्त महिला से हुई थी, जिसके बाद से यह मामला और भी संदिग्ध हो गया है। इधर, सोशल मीडिया पर महिला और श्यामलाल के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। महिला के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी ऐसे डायलॉग और कैप्शन मिले हैं जो उसके उग्र स्वभाव की ओर इशारा कर रहे हैं।

## भानपुरा वार्ड 10 की राबड़ बड़ गली में फर्शियां उखड़ी, रास्ता बना हादसे को न्यौता

- छह महीने से अधूरा पड़ा सीसी रोड का काम, ठेकेदार को भुगतान मिलते ही कार्य पूर्ण होने की उम्मीद



**भानपुरा। नगर परिषद भानपुरा के वार्ड नंबर 10 की राबड़ बड़ गली इन दिनों बदहाली का शिकार है। वर्षों पहले लगी सीमेंट पट्टियां अब पूरी तरह उखड़ चुकी हैं, और छह महीने पहले नई सीसी सड़क के लिए निकाली गई फर्शियां अब दुर्घटनाओं की वजह बन रही हैं।**

स्थानीय रहवासियों ने इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद श्री रोड़ू लाल चारण को मौके पर बुलाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। पार्षद चारण ने बताया कि नगर परिषद के पास फिलहाल फंड की कमी है, लेकिन ठेकेदार को भुगतान होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। सीसी रोड का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए,जल प्रदाय व्यवस्था में सुधार हो — नल सप्लाई का कोई निश्चित समय नहीं, मजदूर और गरीब बस्ती होने के कारण सुबह या शाम के सुविधाजनक समय पर पानी दिया जाए.

# नीमच

## एक नजर में

### ज्ञानोदय इंटरनेशनल में मनाया गया ग्रीन -डे

**नीमच।** ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार (19-07-2025) को ग्रीन-डे का भव्य आयोजन किया गया। ।इस अवसर पर एलकेजी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने ग्रीन डे समारोह में भाग लिया। प्री-प्राइमरी के बच्चों ने सक्रियता से भाग लेकर पेड़-पौधों का रूप धारण किया और धरती को हरा-भरा बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पर्यावरण के प्रति गहरी समझ आवश्यक है। स्कूल के हर एक बच्चे ने एक-एक पौधे लगाए और स्वयं द्वारा लगाए पौधे की देखरेख की शपथ ली। यह दिन बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। छात्र और शिक्षक सुंदर हरे रंग की पोशाक पहनकर स्कूल आए और पर्यावरण के अनुकूल लग रहे थे। कक्षाओं और सेमिनार हॉल को हरे रंग की थीम पर खूबसूरती से सजाया गया था। बच्चों के लिए हरे रंग से संबंधित कई गतिविधियाँ और खेल आयोजित किए गए। स्कूल के प्राचार्य श्री सुशील कुमार ने बच्चों को पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई व बच्चों को पर्यावरण के लिए पोधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को ग्रीन डे के महत्व के बारे में जानकारी दी और पढ़ाई करो, पेड़ लगाओ का संदेश देते हुए पर्यावरण के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। बच्चों के लिए हरित दिवस व ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया जिसमे बच्चों ने बहुत आनंद लिया ,जिसमे हरित दिवस का महत्व बताया तथा सब्जी व फल बाजार सजाया गया उन्हें सब्ज़ी खरीदना सिखाया गया। इस अवसर पर स्कूल निदेशिका श्रीमती डॉ.गरिमा चौरसिया ने सभी बच्चों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने बताया सभी धरती को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे और अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे। संचालन श्रीमती भूमिका अंदानी ने किया।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में नीमच जिला, प्रदेश के प्रथम चार जिलों में शामिल

**नीमच।** सी एम हेल्पलाईन पोर्टल्स पर प्राप्त शिकायतो के निराकरण की माह जून 25 की ग्रेडिंग में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिला लगातार आठवी बार ए ग्रेड के साथ, प्रदेश के टॉप चार जिलों में शामिल हुआ है। जिला प्रबंधक श्री आशीष जैन ने बताया कि माह जून 25 में 3522 प्राप्त शिकायतो में से संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज (60त्र) में से 51.43 त्र एवम 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज (20त्र) में से 14.74 त्र कुल वेटेज 85.88 त्र के साथ नीमच जिले को रेटिंग प्राप्त हुई। प्रदेश के 55 जिलों में चौथा स्थान एवम समूह क्रके 27 जिलों में तीसरा स्थान।

उल्लेखनीय की कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर किरन आंजना द्वारा माह में समस्त विभागों की शिकायतों के निराकरण हेतु सतत मोनिटरिंग की गई एवम उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही शिकायतकर्ता को भी अवगत करवाया 7 फलस्वरुप आवेदकों द्वारा शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद करवाया गया है इसी का परिणाम है कि नीमच जिला सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण मैं प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर पाया है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने इस उपलब्धि का श्रेय नीमच जिले के सभी जिला अधिकारियों एवं उनकी टीम तथा सभी अधिकारी कर्मचारियों को दिया है।

### जनपद पंचायत की साधारण सभा की बैठक 25 को

**नीमच।** जनपद पंचायत नीमच की साधारण सभा की बैठक 25 जुलाई 2025 को दोपहर 12.30 बजे जनपद सभा भवन,(बी.आर.सी.) नीमच में जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा मदनलाल धनगर की अध्यक्षता में आयोजित की जावेगी। बैठक में सभी विकासखण्ड स्तरीय विभागों की समीक्षा की जावेगी। जनपद सीईओ श्री आरीफ खान ने जनपद पंचायत के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।

## पंचायत सचिव पांच-पांच हितग्राहियों को एक माह में लाभांवित करवाएं : कलेक्टर

- पुलिस सेना की चयन परीक्षा परीक्षा के लिए निशुल्क प्रशिक्षण दिलवाएं
- कलेक्टर ने की पंख अभियान की प्रगति की समीक्षा




नवभारत न्यूज

**नीमच। बाछड़ा बाहुल्य ग्रामों के पंचायत सचिव अपने क्षेत्र की अधिकाधिक बालिकाओं को सशक्त वाहिनी योजना के तहत नीमच में संचालित पुलिस, सेना, पैरामिलीट्री फोर्स की परीक्षाओं की तैयारी एवं फिजिकल की तैयारी के लिए प्रेरित कर, प्रशिक्षण दिलवाए। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं में पात्र पांच-पांच हितग्राहियों का चयन कर एक माह में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं में हितलाभ दिलवाना सुनिश्चित करें।** यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में बाछड़ा समुदाय के कल्याण के लिए संचालित पंख अभियान नीमच की प्रगति की मासिक समीक्षा करते हुए दिए।

> बैठक में बताया गया, कि जिला प्रशासन द्वारा सशक्त वाहिनी योजना के तहत नीमच के जाजू कॉलेज में पुलिस, सेना, पैरामिलीट्री फोर्स की लिखित चयन परीक्षा एवं फिजीकल की तैयारी के लिए निःशुल्क कक्षाएं संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने पंचायत सचिवों को निर्देश दिए, कि वे अपने क्षेत्र की बाछड़ा समुदाय की बालिकाओं को इस निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करे, उन्हें प्रशिक्षण दिलवाएं।

बैठक में बाछड़ा बाहुल्य सभी ग्रामों के पंचायत सचिव, सभी जिला नोडल अधिकारी, जिला अधिकारी सहित जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मयूरी जोक, सुश्री किरण आंजना भी उपस्थित थी।

बैठक में कलेक्टर ने संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत बाछड़ा समुदाय के अधिकाधिक हितग्राहियों को सेंट्रींग कार्य, पशुपालन, बकरीपालन, सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मसाला उद्योग आदि के लिए हितग्राहियों का चयन कर न्यूनतम पांच-पांच हितग्राहियों के प्रकरण तैयार करवाकर एक माह में ऋण स्वीकति एवं हितलाभ वितरण करवाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत एक माह में चार हितग्राहियों को ऋण एवं अनुदान स्वीकृत करवाकर हितलाभ् वितरित करवाने के निर्देश उप संचालक उद्यानिकी को दिए। उन्होने महाप्रबंधक उद्योग को बाछड़ा समुदाय के इच्छुक युवाओं को जिले में स्थापित विभिन्न उद्योगो में रोजगार दिलाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने इन सभी 26 गांवों के पंचायत सचिवों को बाछड़ा बाहुल्य बस्तियों में सड़क, नाली निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए।




## आराध्या का बेटी को जन्म देने वाली माताओं का सम्मान आप सबके सहयोग से निरन्तर जारी

**नीमच।** राजमाता विजयराजे सिंधिया जिला चिकित्सालय नीमच में आराध्या वेलफेयर सोसायटी के द्वारा निरन्तर किये जा रहे बेटियों को जन्म देने वाली माताओ को सम्मानित के कार्यक्रम में आज समाजसेवी संस्था जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी मेन के सहयोग से बेटियो को जन्म देने वाली माताओं को मोतियों की माला पहनाकर बच्चों के खिलौने व माताओं के लिये ड्रायफुड गुड़ दलिया, सौठ आदि साम्रगी देकर सम्मान किया गया.संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट शिवानी जैन ने कहा कि आज हमने उन माताओं का सम्मान किया है और आज हमें आराध्या वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है,जैन सोश्यल ग्रुप संगिनी मेन की संस्थापक अध्यक्ष कार्यक्रम की अतिथि डां बीना चौधरी ने बेटियों पर एक सुन्दर कविता सुनाकर सभी का मन मोह लिया। और डॉ बीना चौधरी ने बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को अपने जन्म दी हुई बेटियों की अच्छे और बढ़िया तरीके से परवरिश कर अच्छी शिक्षा प्रदान कर उनका भविष्य बनाने की बात कही। आराध्या वेलफेयर सोसायटी बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित करने वाली संस्था की संयोजिका एड. श्रीमति माया (मीनू) लालवानी ने भी बेटियों को जन्म देने वाली माताओं के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बेटी है तो कल है .

**एक नजर** लगातार दूसरी वर्ष भी सी.बी.एस.ई. क्लस्टर के गोल्ड मेडल पर जमाया कब्जा

## ज्ञानोदय बालिका बास्केटबॉल टीम ने रचा इतिहास

**नीमच। क्लस्टर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल में किया गया। इस चैम्पियनशिप में म.प्र के सभी सी.बी.एस.ई. स्कूलों को आमंत्रण दिया गया। इस चैम्पीयनशीप में नीमच के ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल की अण्डर-17 टीम ने भाग लिया। इस चैम्पियनशिप में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग था।** इस चैम्पीयनशीप में ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल की अडंर-17 बालिका टीम ने भी भाग लिया । इस टूर्नामेंट में कई म.प्र के स्कूल



कई खिलाड़ियों ने भाग लिया।

ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में किसी भी टीम को अपने सामने टिकने नहीं दिया। ज्ञानोदय का पूल मैंच सेंट थेरेसा (भोपाल) से खेला और उसे 33 - 15 से और महावीर स्कूल (जावरा) 30 -00 हराते हुए अपने पुल में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

क्वार्टर फाइनल ज्ञानोदय की टीम ने बाल भवन स्कूल (भोपाल) से खेला और इसे भी 35 - 06 से एक तरफा हराते हुए सेमी फाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल ज्ञानोदय इंटरनेशनल की टीम ने पूरे म.प्र को स्तब्ध कर अपने हरफन मौला प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए सेंट जोसेफ (अरेरा कॉलोनी, भोपाल) की टीम को एकतरफा 44-07 से हराकर धमाकेदार प्रदर्शन के साथ फाइनल में प्रवेश किया। ।नीमच की टीम ने खेल प्रेमियों की उम्मीद पर खरा उतरते हुए शिशुकुंज (इंदौर) की टीम को 39 - 09 एक तरफा हराते हुए म.प्र चैंपियन बनने का गौरव हासिल करते हुए अपना नाम नीमच की पहली क्लस्टर गोल्ड मेडलिस्ट टीम बनने का गौरव हासिल किया।



## धार्वे ने दीनदयाल रसोई का निरीक्षण किया

**नीमच। दीनदयाल रसोई योजना के तहत बस स्टेण्ड नीमच पर रसोई का शहरी विकास परियोजना अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे ने सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने दीनदयाल रसोई केंद्र प्रबंधक को भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।** साथ ही स्वच्छता पर ध्यान देने और प्रतिदिन साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। परियोजना अधिकारी ने उपस्थित हितग्राहियों से भोजन की गुणवत्ता के बारे में चर्चा की। उन्होने भोजन बनाने वाले कर्मचारियों को सलाह दी, कि वे स्वच्छता के साथ भोजन बनाए।